

सारा 127 साल की थी और वह कनान देश में मर गई
यह समय अब्राहम के लिए बहुत शोक का था।
हालांकि परमेश्वर ने अब्राहम से वादा किया था कि उसके और उसके वंशजों के पास वह भूमि होगी मगर उन्होंने उसी भूमि के लिए हेब्रोन में रहने वाले हित्तियों से संपर्क किया।
भले ही मैं तुम्हारे बीच एक परदेशी हूँ मगर मैं अपने मृतकों को दफनाने के लिए यहाँ भूमि की तलाश में हूँ।
तू हमारे बीच में बड़ा प्रधान है -- हमारी कब्रों में से जिसको तू चाहे ले ले।
हम तुझे मना नहीं करेंगे।
यदि तुम लोग सचमुच मेरी सहायता करना चाहते है तो सोहर के पुत्र एप्रोन से मेरे लिए बात करो। मैं मकपेला की गुफा की पूरी कीमत देकर खरीदना पसन्द करूँगा।


एप्रोन आगे आया...
हे मेरे प्रभु, मैं तुझे मैदान और गुफा दोनों ही दे दूँगा। तू अपने मृतकों को दफन कर सकता है।
मैं मैदान की पूरी कीमत का भुगतान करूँगा।
उस भूमि का दाम तो चार सौ चाँदी के शेकेल है लेकिन कीमत तेरे और मेरे लिए महत्वपूर्ण नहीं है।
अब्राहम ने कीमत का भुगतान किया और संपत्ति उसे दे दी गई।
यह वादे की भूमि पर अब्राहम का पहला भूमि का टुकड़ा था - उसकी पत्नी को दफनाने का स्थान।
अब्राहम ने अपनी प्यारी पत्नी सारा के लिए शोक किया। उसी के साथ अब्राहम में इसहाक के जन्म के समय परमेश्वर के चमत्कारी वादे का अनुभव किया था।


एलीएजेर, मेरा सबसे भरोसेमंद सेवक, मेरे बातों को ध्यान से सुन।
मैं 130 साल का हूँ और जल्द ही मैं अपने पूर्वजों में मिल जाऊँगा।
और अभी तक मेरे पुत्र का विवाह नहीं हुआ है (की कोई पत्नी नहीं है)।
तू अपना हाथ मेरी जांघ के नीचे रख और वादा कर कि तू यहाँ कनान के लोगों में से मेरे पुत्र इसहाक के लिए पत्नी नहीं खोजेगा।
इसके बजाय मेरे देश और मेरे लोगों के पास वापस जा - और मेरे पुत्र के लिए एक पत्नी खोज।
मैं लंबी दूरी की यात्रा करूँगा मेरे प्रभु, पर क्या होगा अगर वह मेरे साथ आना न चाहे?
क्या मैं तेरे पुत्र को उस देश में वापस ले जाऊँ?
नहीं। परमेश्वर ने मुझे और मेरे वंशजों को यह भूमि देने का वादा किया था। परमेश्वर अपने स्वर्गदूत को तेरे आगे-आगे भेजेगा।
अगर महिला आना नहीं चाहेगी तो तू इस शपथ से मुक्त हो जाएगा।





उत्पत्ति 24:10-17


पी ले, मेरे प्रभु, मैं तेरे ऊँटों के लिये भी जल भर लाऊँगी।
अब्राहम के परमेश्वर, वास्तव में तूने मेरी प्रार्थना का उत्तर दिया है।
मुझे बता कि तू किसकी पुत्री है? क्या तेरे पिता के घर में हमारे रुकने के लिये स्थान है?
मैं नाहोर से जन्में मिल्का के पुत्र बतूएल की पुत्री हूँ।
परमेश्वर की स्तुति हो -- मेरे स्वामी अब्राहम का परमेश्वर।
तूने मुझे ठीक मार्ग पर चलाकर मुझे मेरे स्वामी के भाई-बन्धुओं के घर पर पहुँचा दिया है।
नाहोर अब्राहम का भाई था इसलिए रिबका और इसहाक चचेरे भाई-बहन थे।




उत्पत्ति 24:28-33


परमेश्वर ने मेरे स्वामी अब्राहम को आशीर्वाद दिया है। उसके पास बहुत सारे भेड़, मवेशी, चाँदी, सोना, ऊँट, गधे और सेवक है।
लेकिन एक ही की कमी है...
उनके पुत्र इसहाक, जो उनके बुढ़ापे में पैदा हुआ था, उसकी कोई पत्नी नहीं है।
उसने मुझ से अपने लोगों में से उसके पुत्र के लिए पत्नी लाने की शपथ ली है। यही कारण है कि मैं इतनी लंबी यात्रा करके यहाँ आया हूँ।
उसने कहा, "जिस प्रभु के पीछे मैं चलता आया हूँ वही प्रभु तुझे भी सफलता देगा।"
मैंने परमेश्वर से विनती की कि जिसको उसने चुना है वो मुझसे कहेगी, "यहाँ पीओ और मैं तुम्हारे ऊँटों के लिए भी जल दूंगी।"
अब अगर तू मेरे स्वामी के प्रति कृपा दिखा रहा है, तो मुझे बता।
यदि नहीं तो मुझे यह बता कि मैं किस ओर जाऊँ।



यह परमेश्वर की ओर से है।
मेरी पुत्री रिबका तेरे साथ तेरे स्वामी के पुत्र की पत्नी बनने के लिए जा सकती है।
मेरे स्वामी अब्राहम को सफलता प्रदान करने के लिए परमेश्वर के नाम की महिमा हो।
एलीएजेर और दुसरे सेवक रिबका और उसके परिवार के लिए महंगे उपहार लाए थे।
अब मैं खाऊँगा और हम रात तेरे घर में बिताएँगे।



मुझे अब निकलना चाहिए। यात्रा बहुत लंबी है।
उसे लगभग दस दिन और यहाँ रहने दे- तो वह सकुशल तेरे साथ जा सकती है।
अब मुझे और मत रोको क्योंकि परमेश्वर ने मुझे सफलता दी है।
हम लड़की को बुलाते है और उससे इस बारे में पूछते है।
क्या तू इतनी जल्दी जाने के लिए तैयार है - इससे पहले की हम तेरी अच्छे से विदाई दे सके?
मैं इसके साथ जाऊँगी... अपने पति के पास।
तुम लाखों लोगों की माता बनो।
तेरे वंशज अपने शत्रुओं पर विजय प्राप्त करे।
तू अकेला नहीं होगा। तेरे लोग तेरे साथ होंगे।
तो एलीएजेर ने अपने स्वामी अब्राहम के पास वापस जाने की तयारी की – और इसहाक के पास भी।
उत्पत्ति 26:54-61




उत्पत्ति 24:62-67



सारा की मृत्यु के बाद अब्राहम ने कतूरा को पत्नी के रूप में लिया और उसने अब्राहम के अन्य पुत्रों को जन्म दिया।
एलीएज़ेर! हमारा स्वामी अब्राहम ---वह - वह मर चुका है!
परन्तु अब्राहम ने मरने से पहले अन्य पत्नियों के पुत्रों को भेंट देकर भेज दिया ताकि वह अपना सब कुछ इसहाक के लिए छोड़ सके।
अब्राहम की मृत्यु 175 साल की उम्र में हुई और उसके पुत्र इसहाक और इश्माएल ने उसे दफनाया।
वे उसे मकपेला की गुफा में ले गए ताकि उसे सारा के साथ दफनाया जा सके।
जैसा कि परमेश्वर ने अब्राहम से वादा किया था, इस्माइल के 12 पुत्र थे जो जनजातीय लोगों के शासक थे।
वे आज के अरब लोगों के पूर्वज थे।
और परमेश्वर ने इसहाक को आशीर्वाद दिया - और वह उसके साथ था।

उत्पत्ति 25:1-10


रिबका के बच्चे नहीं हो रहे थे लेकिन जब इसहाक ने उसके लिए प्रार्थना की तो वह गर्भ धारण करने में सफल हुई।
जैसे ही बच्चे उसके गर्भ में आपस में लिपटकर एक दूसरे को मारने लगे तो रिबका ने परमेश्वर से पूछा...
मेरे गर्भ में क्या हो रहा है?
तेरे गर्भ में दो राष्ट्र है और वे एक दूसरे से अलग हो जाएँगे।
उनमें से एक दूसरे से अधिक शक्तिशाली होगा और बड़ा छोटे की सेवा करेगा।
वहाँ, तेरा पहला पुत्र आ गया है -- वह लाल और बालों वाला है!
उसे एसाव1 नाम दिया जाना है।
1एसाव का मतलब बालों वाला, लेकिन उसे एदोम भी कहा जाता है जिसका मतलब है लाल।
अब उसका भाई आता है -- और उसने अपने भाई की एड़ी पकड़ रखी है!
और उसका नाम याकूब2 रखा गया।
2 याकूब का अर्थ है एड़ी पकड़ना या वह धोखा देता है।


एसाव जंगली जानवरों का अच्छा शिकारी बना और वह मैदानों में बहुत समय बिताता था।
लेकिन याकूब को शांति पसंद थी और अपने तम्बूओं में रहता था।
मेरे पुत्र - मुझे तेरे द्वारा लाए गए शिकार का माँस बहुत पसंद है!
हालांकि इसहाक को एसाव पसंद था लेकिन रिबका ने याकूब की सौम्य भावना से प्यार किया।
मुझे उस लाल दाल में से कुछ खाने को दे जो तू बना रहा है -- मैं भूखा हूँ!
मैं दूँगा - मगर तू मुझे अपना जन्म-अधिकार बेच दे।
अगर मैं भूख से मर जाऊँ तो मेरे लिए जन्म-अधिकार किस काम का!
मुझे वचन दो।
मैं वचन देता हूँ - अब मुझे खाने को दे।
जन्म-अधिकार विरासत का दुगना भाग देता था और साथ ही साथ परिवार का प्रधान और याजक बनने का अधिकार भी देता था।
लेकिन एसाव अपने जन्म-अधिकार की मूल्यता और पवित्रता समझ नहीं सका।


जब उस देश में एक अकाल पड़ा, तब इसहाक, परमेश्वर द्वारा मिस्र न जाने की चेतावनी दिए जाने के बाद भी, अबीमेलेक, पलिश्तियों के राजा के पास गया।
इसी देश में रह और मैं तुझे वह सब कुछ दूँगा जो मैंने तेरे पिता अब्राहम से वादा किया था।
तेरे वंशज सितारों के सामान अनगिनत होंगे और पृथ्वी पर सभी जातियों को उनके द्वारा आशीर्वाद दिया जाएगा।
और तेरे साथ जो महिला है?
वह मेरी बहन है -- और हमारे साथ यात्रा करती है।
इसहाक ने वही किया जो उसके पिता अब्राहम ने किया था। उन्होंने अपनी देख-रेख के लिए परमेश्वर पर भरोसा नहीं किया।
?!?
तूने यह क्या किया है?
हम लोगों का कोई भी पुरुष तेरी पत्नी के साथ सो सकता था। तब वह बड़े पाप का दोषी होता।
यह महिला निश्चय ही तेरी पत्नी है!
पूरे देश में सभी लोगों को आज्ञा दें - कोई भी इसहाक या उसकी पत्नी को नुकसान नहीं देगा। जो कोई भी ऐसा करेगा उसे मार डाला जाएगा।




उत्पत्ति 26:12-35


मैं बूढ़ा हूँ और मेरी आँखें की दृष्टी कमजोर है। मैं अपनी मृत्यु के दिन को नहीं जानता।
मेरे मनपसंद कुछ जंगली जानवरों का शिकार करके ला और मेरे लिए भोजन तैयार कर -- और मैं मरने से पहले तुझे अपना आशीर्वाद दूँगा।
मैंने अभी सुना है कि तेरे पिता ने एसाव को निर्देश दिया है कि वह कुछ जंगली जानवरों को मार कर उसे बना कर दे ताकि वह उसे अपना आशीर्वाद दे सके।
मुझे दो बकरियाँ लाकर दे और मैं उन्हें तेरे पिता के मनपसंद तरीके के बना कर दूँगी।
तब तू उसे लेकर जा सकता है और उसका आशीर्वाद ले सकता है।
लेकिन एसाव एक बालों वाला आदमी है और मेरे त्वचा चिकनी है।
अगर वह मुझे स्पर्श करेगा तो वह मुझे शाप देगा।
बस मैं जो कहती हूँ वह कर और शाप मुझ पर आने दे।



ये पहन ले - तेरे भाई के सबसे अच्छे वस्त्र -- फिर तू एसाव की तरह गंध करेंगा।
ये बकरियों की खाल एसाव की बालों वाली बाहों की तरह लगेगी।
इनके साथ, स्वादिष्ट भोजन, वह सोचेगा की तू एसाव है और वह तुझे आशीर्वाद दे देगा।
मेरे पिता।
हाँ पुत्र - तू कौन है?
एसाव - तेरा ज्येष्ठ पुत्र। मैं तेरा मनपसंद शिकार बना कर लाया हूँ ताकि मैं तेरा आशीर्वाद पा सकूँ।
मुझे तुझे स्पर्श करने दे -- ताकि मैं निश्चित रूप से जान सकूँ कि तू एसाव है।
इसकी आवाज़ याकूब की तरह लगती है लेकिन हाथ एसाव के है।
क्या तू वास्तव में एसाव हैं?
हाँ, मैं एसाव हूँ।
मेरी मनपसंद दाल ला।





उत्पत्ति 27:26-30


मैं तेरा पसंदीदा शिकार के साथ वापस आ गया हूँ - मैं तेरे आशीर्वाद के लिए तैयार हूँ।
तू कौन है?
तेरा पुत्र। तेरा ज्येष्ठ पुत्र, एसाव।
फिर कौन - उस खाने के साथ आया था जिसे मैंने खाया?!
मैंने उसे आशीर्वाद दे दिया -- और वह वास्तव में आशीषित होगा।
लेकिन पिता - मुझे भी आशीर्वाद दे!
तेरा भाई धोखे से आया और तेरा आशीर्वाद ले गया।
क्या वह वास्तव में "धोखेबाज" सही नहीं कहा जाता?!
दो बार उसने मुझे धोखा दिया है - पहले जन्म-अधिकार के साथ और अब आशीर्वाद!
मुझे भी आशीर्वाद दे... क्या कोई आशीर्वाद नहीं बचा है?
तू... स्वर्ग के ओस और पृथ्वी की समृद्धि से दूर रहेगा।
तू अपनी तलवार से जीवित रहेगा और अपने भाई की सेवा करेगा
लेकिन... जब तू बेचैन हो जाएगा तो तू उसके वश से बाहर निकल जाएगा।


मुझे लगता है कि पत्थर तेरी तलवार को और अधिक तेज नहीं कर सकता है। तू  बहुत अधिक रक्त बहाने की योजना बना रहा है।
नहीं - सिर्फ धोखेबाज याकूब के रक्त को बहाने की।
लेकिन वह तेरा भाई है!
अब आगे नहीं रहेगा। उसने मुझे आखिरी बार धोखा दिया है।
जल्दी कर, अपनी वस्तुओं को इकट्ठा कर। मैं तुझे अपने भाई लाबान के पास भेज रही हूँ।
यह बात मुझ तक पहुँची है कि तेरा भाई तुझसे बदला लेने की योजना बना रहा है।
बाद में, इसहाक के तम्बू में...
मैं एसाव के इन हित्ती पत्नियों से परेशान हूँ।
यदि याकूब भी उनसे पत्नी लाता है  तो मुझे और ज़िंदा रहने की इच्छा नहीं होगी।
मेरे पास याकूब को भेजें।
मेरे पुत्र, पद्दनराम की यात्रा कर। तू अपनी माँ के भाई लाबान के परिवार से पत्नी ले।
परमेश्वर तुझे आशीर्वाद दे, तेरे संतान को बढ़ाएँ और तेरे वंशज अब्राहम से किए गए प्रतिज्ञा के देश पर अधिकार करे।



मेरे पिता के घर में तू शरण ले सकता है।
मेरे भाई लाबान तुझे दिखाएँगा कि क्या करना है।
तो, वे मेरी कनानी पत्नियों को पसंद नहीं करते है... शायद मैं अपना जन्म-अधिकार जाने की भरपाई कर सकता हूँ...
अपने पिता की आज्ञा के अनुसार, याकूब ने हारान में अपने माँ के परिवार की ओर यात्रा की।
वहाँ उसने अपने भाई एसाव से भाग के शरण ली और एक उपयुक्त पत्नी को पाने की भी आशा रखी।
एसाव विवाह करके तीसरी पत्नी को लाया, यह उसके अपने चाचा, इश्माएल की पुत्री थी। वह शायद अपने माता-पिता की नई वसीयत बनाने के लिए मनाने की कोशिश कर रहा था।
एक स्थान पर याकूब रुका और वह एक तकिया के रूप में एक पत्थर को लेकर सोया।




उत्पत्ति 28:12-15



वास्तव में परमेश्वर इस स्थान पर है -- यह परमेश्वर का घर है -- यह है स्वर्ग का द्वार।
इस स्थान को अब लूज नहीं कहा जाएगा, इसे बेतेल कहा जाएगा - परमेश्वर का घर।
यदि तू मेरी इस यात्रा में मेरे साथ रहेगा और मुझे जो कुछ चाहिए उसे प्रदान करेगा ताकि मैं सुरक्षित रूप से वापस आ सकूँ, तो तू मेरा परमेश्वर होगा।
यह खम्भा तेरा घर होगा और जो कुछ तू मुझे आशीर्वाद के रूप में देगा मैं उसका तुझे दसवाँ अंश दूँगा।


पद्दनराम।
रिबका के परिवार की भूमि।
दोस्तों - तुम कहाँ से हो?
हम हारान से है।
तो क्या तुम लाबान - नाहोर के पोते को जानते हो?
हाँ, हम उसे जानते है।
क्या वह ठीक है?
हाँ।
यहाँ उसकी पुत्री राहेल आती है।
मैं तुम्हारा रिश्तेदार हूँ - तेरे पिता की बहन को पुत्र!
मेरे साथ आओ! मेरा पिता बहुत खुश होगा!
पिता! तेरी बहन रिबका का पुत्र हमारे पास आया है!


तू यहाँ एक महीने से रह रहा है। तू हमारा एक रिश्तेदार है लेकिन तुझे बिना वेतन के काम नहीं करना चाहिए।
तू वेतन क्या लेगा?
मुझे पता है कि मैं क्या चाहता हूँ। तेरी पुत्री, रोहेल...
...सात साल के काम के बदले में।
किसी अन्य आदमी को देने के बजाय मैं उसे तुझे दूँगा।
मैंने सात साल काम किया है - अब मैं अपनी पत्नी के लिए तैयार हूँ।
हमारे बीच समझौता के अनुसार।
सात साल याकूब के लिए केवल कुछ ही दिनों की तरह लगे क्योंकि वह राहेल से बहुत प्रेम करता था।



लाबान!!!
तुमने मुझे धोखा दिया! जिस महिला के साथ मैं सोया वह राहेल नहीं थी बल्कि वह उसकी बहन थी लिआ -- कमजोर आँखों वाली!
छोटी पुत्री का बड़ी पुत्री से पहले विवाह करने की हमारी परंपरा हमारी नहीं है।
लिआ के साथ विवाह का सप्ताह समाप्त होने पर मैं तुझे राहेल को भी दे दूँगा -- सात साल के काम के बदले में।
अंत में लाबान की दोनों पुत्रियों ने याकूब को पुत्र दिए।
और कभी-कभी जब वे गर्भ धारण नहीं कर पाती थे तब उन्होंने अपनी दासियों, जिल्पा और बिल्हा से बच्चा पैदा करवाया।
याकूब अपनी माँ की भूमि में सफल हुआ और वह 11 पुत्र और एक पुत्री, दीना का पिता बना।


राहेल के उनके पुत्र यूसुफ को जन्म देने के उपरांत, याकूब ने अपने ससुर से बात की।
मुझे मेरी पत्नियाँ, बच्चे और मेरे पास जो कुछ भी है मुझे दे ताकि मैं अपने परिवार के पास वापस लौट सकूँ।
मुझे ज्ञात है कि परमेश्वर ने मुझे तेरे कारण ही आशीर्वाद दिया है। कृपया करके तू यहीं रह - और अपना वेतन ले।
तेरे पास जो थोड़ा-बहुत था वह मेरे देखे-रेख में कई गुना बढ़ा है।
लेकिन अब मुझे अपने परिवार के लिए कुछ करना है और मैं उसके लिए तैयार भी हूँ।
मैं तुझे क्या दूँ?
केवल यह कि मुझे सभी चित्ती-धारी और चितकबरी भेड़-बकरियों और सभी काले रंग के भेड़-बकरियों को अलग करने दे।
वे मेरा वेतन होगी और यदि हमारे झुंड में इसके अतिरिक्त कुछ और पाया जाता है तो हम दोनों उसे चुराया हुआ मानेगे।
सही है।
लाबान ने अपने पुत्रों से कहकर इन भेड़ और बकरियों को झुंड से अलग करवा दिया और वे उन्हें तीन दिन की दुरी पर ले गए।



हालांकि, याक़ूब के पास एक योजना थी।
तब याक़ूब ने पतली टहनियाँ लेकर उन्हें बीच-बीच में से छील कर धारीदार बना दिया। इस प्रकार उन टहनियों को देखते हुए भेड़ें और बकरियाँ गाभिन हुई।
लेकिन यह उसने केवल स्वस्थ जानवरों के लिए किया।
उसने कमजोर जानवरों को लाबान के पास छोड़ा।
और याक़ूब के मवेशियों में भारी वृद्धि हुई।
वह भेड़ों, ऊँट, गधे और सेवकों में समृद्ध हो गया। वह बहुत सफल हुआ।
हमारी बहनों के पति जल्द ही हमारा लगभग सब कुछ लेने वाला है।
मुझे इसके लिए कुछ करना होगा।


तेरे पिता और तेरे भाइयों का व्यवहार मेरे प्रति बदल गया है।
तेरे पिता ने लगभग दस बार मेरे वेतन बदला है, फिर भी परमेश्वर ने उसके पशुओं से लिया है और मेरे में जोड़ा है।
परमेश्वर ने सब कुछ देखा है जो उसने मेरे साथ किया है। परमेश्वर चाहता है कि मैं अपने भूमि पर वापस लौट जाऊँ।
हमारे पास यहाँ कोई विरासत नहीं है और हमें आज भी यहाँ परदेशी मानते है।
परमेश्वर जो भी तुझे करने के लिए कहता है वह करने में हम तेरे साथ है।
जब लाबान अपनी भेड़ों का ऊन निकालने गया हुआ था तब याकूब अपना सब कुछ लेकर वहाँ से भाग गया।
लेकिन राहेल ने अपने पिता के घरेलू देवताओं को चुरा लिया।




उत्पत्ति 31: 22-32


तो वे कहाँ हैं?
मैं उन्हें ढूंढ निकालूँगा और जो मैंने कहा है उसे साबित करूँगा।
राहेल ने मूर्तियों को छुपाया और उस पर बैठ गई।
मुझे दुःख है पिता; मैं तेरी उपस्थिति में खड़ी नहीं हो सकती क्योंकि मैं मासिक धर्म से हूँ।
तूने मेरी सारी वस्तुओं में ढूंढा है - क्या तुझे वह मिला है जो तू ढूंढ रहा था?!
बीस साल मैं तेरे साथ रहा हूँ। यदि कभी जंगली जानवरों नें कोई भेड़ मारी तो मैंने तुरन्त उसकी कीमत स्वयं दे दी - और अब, देख तु मेरे साथ कैसा व्यवहार करता है!
परमेश्वर ने मेरी परेशानियों को देखा और तुझे दंडित किया है!
यद्यपि ये लड़कियाँ मेरी पुत्रियाँ है। उनके बच्चे मेरे है। ये जानवर मेरे है। जो कुछ भी तू यहाँ देखता है, मेरा है। आओ हम दोनों एक सन्धि करते है।
तब दोनों पुरुषों ने उनके बीच एक गवाह के रूप में एक खंभा स्थापित किया और एक दुसरे को न चोट पहुचाने की सन्धि की।
उन्होंने एक बड़ी दावत के साथ सन्धि पर मुहर लगा दिया।
अगली सुबह लाबान ने अपने नाती-पोते को विदाई चुंबन देकर अपने घर लौट आया।



अपनी भूमि की यात्रा की एक रात, याकूब ने परमेश्वर के स्वर्गदूतों को देखा।
उसे याद दिलाया गया कि परमेश्वर उसके साथ था और उस स्थान को दो शिविर कहा गया ।
हमारे आगे-आगे जा। मेरे स्वामी और मेरे भाई एसाव से बात कर।
उसे बताना कि मैं हमारे मामा के साथ रह रहा था और मुझे बहुत सारी वस्तुओं से आशीषित करा गया है: बैल, गधे, भेड़-बकरियाँ और सेवक। मैं चाहता हूँ कि वह मुझे स्वीकार करे।
कुछ दिनों बाद...
हम तेरे भाई, एसाव के पास गए; लेकिन वह अब 400 पुरुषों के साथ आ रहा है।
यह अच्छा समाचार नहीं हो सकता... हम सब को दो दलों में बाँटने में मेरी सहायता करो। हम भेड़ों और झुण्डों को भी बाँटेंगे।
अगर मेरा भाई एक दल पर हमला करता है तो शायद दूसरा दल बच सकता है।
मेरे परमेश्वर, याद रख कि तूने वादा किया था कि मैं समृद्ध हूँगा और मेरे वंशज समुद्र के रेतकणों के समान होंगे...
कल अपने साथ, बकरियों, फिर भेड़, फिर ऊँट, फिर गायों और फिर गधे का एक-एक झुण्ड ले लो। हर झुण्ड के बीच कुछ दूरी रखो।
जब मेरा भाई एसाव तुम्हारे पास आए तो तुम उससे कहना, "ये जानवर तेरे सेवक याकूब के है और मेरे स्वामी की तरफ से तेरे लिए उपहार है। याकूब हमारे पीछे-पीछे आता है।"




उत्पत्ति 33:22-32



मेरे भाई - लंबे समय के बाद मैं तुझे देखता हूँ!
और ये कौन हैं?
ये सभी बच्चे परमेश्वर ने अनुग्रह करके तेरे दास को दिए है।
सबसे पहले दासियों और उनके बच्चों ने आकर एसाव को झुककर प्रणाम किया।
फिर लिआ ने अपने बच्चों के साथ एसाव को प्रणाम किया।
और अंत में राहेल और यूसुफ ने एसाव को प्रणाम किया।


और ये पशु जो तूने पहले भेजा है उसका क्या अर्थ है?
हम एक दुसरे से बुरे रीति से अलग हुए थे मगर अब मैं तेरी कृपा में रहना चाहता हूँ।
मुझे इन सब की आवश्यकता नहीं है, भाई - मेरे पास प्रयाप्त है।
मैं तेरे से विनती करता हूँ! तेरा चहरा देखना तो परमेश्वर का चहरा देखने के समान है।
तू इन सभी को भेटों के रूप में स्वीकार कर।
यदि तू यही चाहता है तो मैं इन सभी को तेरे से भेटों के रूप में स्वीकार कर लूँगा।
अब तू अपनी यात्रा जारी रख सकता है। मैं तेरे आगे-आगे चलता हूँ।
नहीं, हम साथ नहीं चल सकते।
मेरे बच्चे छोटे है और भेड़, बकरियों और गायों के दूध पीने वाले बच्चे भी है इसलिए तुम आगे चलो और मैं धीरे–धीरे तुम्हारे पीछे आऊँगा।
तब मैं अपने कुछ पुरुष तेरे साथ छोड़े जाता हूँ।
यह क्यों? इतना ही बहुत है कि मेरे प्रभु के अनुग्रह की दृष्टि मुझ पर बनी रहे।
कनान में, याकूब ने हमोर के पुत्रों से एक भूमि का टुकड़ा खरीदा।


एक दिन जब याकूब की पुत्री दीना, उस क्षेत्र की कुछ महिलाओं से मिलने गई। हमोर के पुत्रों में से एक, शकेम की आँख उस पड़ पड़ी।
उसे शकेम पास लाया गया - और उसने उसे अपने साथ शारीरीक सम्बन्ध करने के लिए विवश किया।
दीना, मेरे बच्ची, क्या हुआ?!
मेरा पुत्र शकेम तेरी पुत्री पर मोहित हो गया है। कृपया उसे इसके साथ विवाह करने दे।
उसने उसे कलंकित किया है!
जो उसने किया है यह एक शर्मनाक बात है।
लेकिन मेरा पुत्र शकेम दीना से बहुत प्रेम करता है।
कृपया ... यहाँ रहें और हमारे साथ विवाह करें।
हम अपनी बहन को एक खतना-रहित व्यक्ति को नहीं दे सकते।
तेरे नगर के पुरुषों का खतना होनी चाहिए जैसा हमने करा हुआ है।

उत्पत्ति 34:1-17


हमोर और उसका पुत्र शकेम सहमत हुआ। उन्होंने नगर के पुरुषों को खतना करने के लिए राजी किया ताकि वे याकूब के परिवार के साथ विवाह कर सकें।
तीन दिन के बाद, शमोन और दीना के भाइयों ने अपना बदला लिया।
जब नगर के लोग खतना के कारण पीड़ित थे, उन्होंने उन पर हमला किया - और हमोर और उसका पुत्र शकेम समेत सब पुरुषों को मार डाला।
बाकी बचे हुए को उन्होंने लूट के रूप में ले लिया।
तुमने यह क्या किया?!
हम संख्या में कम है और यदि देश के लोग एक साथ जुड़ते है और हम पर हमला करते है तो हमारा पूरा घराना नष्ट हो जाएगा।
लेकिन उन्होंने हमारी बहन के साथ वेश्या जैसा व्यवहार किया था।
उनके साथ जो होना चाहिए था वही उनके साथ हुआ।


परमेश्वर के नेतृत्व में, याक़ूब अपने भाई से मिलने से पहले बेतेल आया जहाँ परमेश्वर उसके सामने प्रकट हुआ था।
हमें अपने आप को सभी विदेशी देवताओं से छुटकारा पाना चाहिए और परमेश्वर के सामने स्वयं को पवित्र रखना चाहिए।
जो याक़ूब के साथ थे उन्होंने याक़ूब को अपनी मूर्तियां और कान के कुंडल दे दिए, और याक़ूब ने उनको बेतेल में गाड़ दिया।
याक़ूब ने वहाँ उस परमेश्वर के लिए एक वेदी बनाई जिसने उसे स्वयं को प्रकट किया था - और परमेश्वर का कहर आसपास के लोगों पर गिरा ताकि कोई भी उसका पीछा या हमला न कर सके।
उसने उस स्थान को बेतेल (परमेश्वर का घर) कहा क्योंकि परमेश्वर ने उससे वहाँ बात की थी।




उत्पत्ति 35:16-37:1